सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister
संदेश

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जम्मू के चौथे दीक्षांत समारोह की संस्थान प्रबंधन, शिक्षकगणों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों एवं उनके परिवारों के लिए एक गौरवपूर्ण अवसर है।

कृषि से लेकर कारोबार तक तकनीक आज के युग में हर क्षेत्र से जुड़ी है। तकनीक लोगों के जीवन को आसान बनाकर उनके जीवन स्तर को सुधारने का काम कर रही है। मुझे खुशी है कि बीते वर्षों में अपनी कड़ी मेहनत से डिग्री प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने तकनीक के क्षेत्र में जो दक्षता प्राप्त की है, उसके बाद ये देश में प्रौद्योगिकी के जरिए आ रहे इस सकारात्मक बदलाव का एक सशक्त माध्यम बनेंगे।

इस संस्थान से निकलने वाले हमारे होनहार एवं महत्वाकांक्षी युवा साथियों के पास संभावनाओं के असीमित अवसर हैं। उनकी ऊंची उड़ान को खुला आसमान मिल सके इसलिए आज देश भी सभी सुविधाओं और संसाधनों समेत उनके साथ खड़ा है। शिक्षा सुधारों के तहत शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने से लेकर स्टैंड-अप और स्टार्ट-अप इंडिया जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तक, आज देश अपनी युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

आजादी की शताब्दी तक का अमृत कालखंड हमारे युवा साथियों के जीवन का भी अमृत काल है। आने वाले समय में ये जैसे-जैसे अपने भविष्य को गढ़ते जाएंगे, देश की प्रगति को भी एक नई दिशा मिलती जाएगी। हमारी सामर्थ्यवान और संकल्पित युवाशक्ति पर राष्ट्र को गर्व है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले वर्षों में इस युवाशक्ति के नेतृत्व में राष्ट्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

इस विश्वास के साथ एक बार फिर से दीक्षांत समारोह से जुड़े सभी लोगों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की हार्दिक बधाई एवं स्मारिका के प्रकाशन की शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
आश्विन 28, शक संवत् 1945
20 अक्टूबर, 2023